SEM-3, SC-302, BY- Dr. Shyam Bihari Chaudhary
Asst. Prof (MMHAPU) classmate

Date 03.12.20
Page (1)

TOPIC- NOISE POLLUTION - BY HUMAN SOURCES

(ii) उद्योग (Industry) कल कारखानों में चलनेवाली भारी मशीनों की गड़गड़ाहट औद्योगिक क्षेत्रों में शोर प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है। उद्योगों में प्रयुक्त होनेवाली पुरानी मशीनों से शोर अधिक होता है। उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को अधिक समय तक इसे सहन करना पड़ता है।

(iii) मनोरंजन के साधन - घरेलू मनोरंजन के साधन जैसे रेडियो, टी.वी, टेप रिकार्डर वीडियो गेम, आदि शोर प्रदूषण के स्रोत हैं। घरो तथा सार्वजनिक स्थलों पर इनसे उत्पन्न उच्च आवृत्ति की ध्वनियाँ मानव के लिए असह्य हो जाती है। यद्यपि मधुर सङ्गीत सदैव मानव-मन को आनन्दित करता रहा है।

(iv) घरेलू उपकरण - दैनिक जीवन में प्रयुक्त होनेवाले विभिन्न घरेलू उपकरणों से उत्पन्न शोर घरों के शांत वातावरण को प्रदूषित करता है। घरों में अनेक ऐसे साधनों का प्रयोग होता है जो असहनीय शोर उत्पन्न करते है। आटा चक्की, वाशिंग मशीन, मिक्सर- ग्राइण्डर, सिलाई मशीन,